NEW HOLLAND AGRICULTURE

CNH INDUSTRIAL

PRESS RELEASE

**न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर ने मध्य प्रदेश में विदिशा जिले की कृषि मंडी में लगवाया वाटर बूथ**

मध्य प्रदेश, 14 मई 2019

गर्मी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और तेज गर्मी से राहत मिलने का आसार नहीं दिखता। अपनी फसल बेचने के लिए विदिशा में कृषि उपज मंडी में आने वाले किसानों का पीने के पानी से स्वागत् होता है, जिसकी व्यवस्था विश्वप्रसिद्ध कृषि उपकरण ब्राण्ड, न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर के बिज़नेस पार्टनर, लोधी मोटर्स ने की है।

न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर ने अपने बिज़नेस पार्टनर, लोधी मोटर्स के सहयोग से मध्य प्रदेश के विदिशा जिले की कृषि उपज मंडी में वाटर बूथ लगवाया है ताकि यहाँ आने वाले किसानों को पेय जल मिल सके। प्रतिदिन, इस बूथ पर एक हजार से अधिक किसान आते हैं। अप्रैल, मई और जून के महीनों में 15 दिनों के लिए यह बूथ कार्यरत रहेगा।

श्री योकेश सैली (क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक - मध्य प्रदेश) ने बताया, ''यह किसान भाइयों से अपनापन बढ़ाने का हमारा छोटा सा प्रयास है। हम उन्हें हर मुमकिन मदद देना चाहते हैं जिसके वे हकदार हैं।''

न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर के पास ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक तकनीक के 35 से 90 एचपी ट्रैक्टरों की बेहतरीन रेंज़ है। न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर धान के पुआल और अन्य फसल अवशेषों से बिजली उत्पादन के उद्योग में सर्वश्रेष्ठ है। आने वाले समय में पुआल के प्रबंधन में न्यूहॉलैंड के अन्य उपकरणों जैसे रेक, बेलर और श्रेडो मल्चर का भी चलन बढ़ने वाला है। इससे पूरे देश के किसानों के लिए आमदनी का एक अन्य जरिया मिलेगा।

न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर के भारत में 4,50,000 से अधिक खुशहाल ग्राहक हैं। कम्पनी के ग्राहक संपर्क केंद्रों की संख्या 1000 से अधिक हो गई है। न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर का ग्रेटर नोएडा में अत्याधुनिक प्लांट है जो अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ 1996 से कार्यरत है। यह प्लांट अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बना है।

भारतीय किसानों की मदद करने के लिए कम्पनी का एक समर्पित टोल फ्री नंबर 1800 419 0124 है जो हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा भारत की 6 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यरत है

-समाप्त-

*न्यू हालैंड एग्रीकल्चर को ग्राहकों, नकदी फसल उत्पादकों, पशुपालक किसानों, ठेकेदारों, वाइनयार्ड (अंगूर के खेत) या जमीन की देखभाल के पेशे से जुड़े लोगों की जबरदस्त सफलता ने ऊंची पहचान दिलाई है। सभी कम्पनी के इनोवेटिव प्रोडक्ट्स और सेवाओं की बड़ी रेंज़ पर पूरा भरोसा करते हैं। न्यू हालैंड की संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला में ट्रैक्टर से लेकर कटनी की मशीनें, सामान रखरखाव की मशीनें शामिल हैं और बड़ी बात यह भी कि कम्पनी कृषि कर्म की विशेषज्ञता के साथ हर किसान को जरूरत के हिसाब से ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराती है। न्यू हॉलैंड का अत्यंत पेशेवर ग्लोबल डीलर नेटवर्क है और उत्कृष्टता को लेकर प्रतिबद्धता के साथ यह हर ग्राहक को बेजोड़ अनुभव का भरोसा देती है। न्यू हालैंड की अधिक जानकारी www.newholland.com पर देखें।*

*न्यूहालैंड एग्रीकल्चर सीएनएच इंडस्ट्रियल एन.वी. (NYSE: CNHI /MI: CNHI) का एक प्रभाग है। यह कैपिटल गुड्स का ग्लोबल लीडर है जिसके पास औद्योगिक अनुभव, प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज़ और पूरी दुनिया में पहुंच है। सीएनएच इंडस्ट्रियल की अधिक जानकारी www.cnhindustrial.com पर ऑनलाइन देखें।*

**Press Contact:**
Brajendra Kumar
Brand & Communication Manager, India
Tel: +91 9667325588
Email: brajendra.kumar@cnhind.com